

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी भवनों पर नेताओं का कब्जा

**संवाददाता** देहरादून। जागरूक बनो आवाज उठाओ संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा है कि उत्तराखंड मे अनेक नेताओं का सरकारी भवनों पर कब्जे के कारण न्यायालय तक को हस्तक्षेप करना पड़ा है, लेकिन फिर भी जारी है,भाजपा कांग्रेस के अध्यक्षों को किस आधार पर सरकारी भवन दिये गये है। उन्होंने कहा कि फिर तो अन्य पार्टी के अध्यक्ष भी माँग करेंगे।

### गुरुद्वारा नेहरू कॉलोनी के रतरा बने प्रधान एवं रणजीत सिंह महासचिव

**संवाददाता** देहरादून। गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब नेहरू कॉलोनी की आमसभा में अरविंद सिंह रतरा को प्रधान एवं रणजीत सिंह को सर्वसम्मति से महासचिव चुना गया। महासचिव रणजीत सिंह ने आए हुए सदस्यों का स्वागत करते हुए सदस्यों का अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद किया।

### ब्रांड फैक्टरी गर्व से पेश करता है 'बिग ब्रांड्स बिग डील्स' शॉपिंग फेस्टिवल

**संवाददाता** देहरादून। 10 दिनों के इस बिग डील शॉपिंग फेस्टिवल में बड़े ब्रांड्स जैसे कि जैक एंड जोन्स, वेरो मोडा, पेपे जीन्स, स्पाइकर, रैंगलर, ली, फ्लाइंग मशीन, पार्क एवेन्यू, डब्ल्यू, एलन सोली, रॉंग, लेविस और ऐसे ही बहुत से ब्रांड्स पर 60 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, लेकिन इतना ही नहीं, हम अदिदास, रिबॉक, स्केचर्स, फिला, लोट्टो, डीएफवाई, चौंपियन, कन्वर्स, स्पंक और ऐसे ही बहुत से स्पोर्ट फुटवियर ब्रांड्स पर 50 प्रतिशत की छूट की पेशकश कर रहे हैं। इससे बेहतर और क्या हो सकता है।

### प्रीपेड ग्राहकों के लिए एयरटेल थैंक्स ऐप हिंदी में भी

**संवाददाता** देहरादून। भारत की अग्रणी टेलीकॉम कंपनी ने आज अपने नये डिजिटल उपायों के माध्यम से ग्राहकों की सुविधाओं में विस्तार करने के अपने मिशन के तहत एयरटेल थैंक्स ऐप पर प्री पेड उपयोगकर्ताओं के लिए हिंदी भाषा का विकल्प जोड़ने की घोषणा की है। यह फीचर एंड्रॉयड पर उपलब्ध है और कुछ ही दिनों में आईओएस पर भी उपलब्ध हो जायेगा।

### टेक्नो ने लॉन्च किया स्पार्क 5 प्रो

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया भर में मशहूर प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो ने स्पार्क सीरीज में एक और नया स्मार्टफोन लॉन्च किया है। इसका नाम है–स्पार्क 5 प्रो। इस नये स्मार्टफोन के लॉन्च के साथ टेक्नो ने अपनी स्पार्क सीरीज को मजबूत किया है। टेक्नो स्पार्क 5प्रो को ग्रेटर भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिये डिजाइन किया गया है।

# एडीएम ने सभी समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

**निर्देश**

■जनसुनवाई कार्यक्रम में 15 शिकायतें दर्ज

**संवाददाता**

देहरादून। जिला कार्यालय में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरविन्द पाण्डेय की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 15 शिकायतें आम लोगों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिनमें मुख्य रूप से शस्त्र लाईसेंस, शस्त्र लाईसेंस विस्तार, सेवायोजन वेतन भुगतान, नाली निर्माण, जल भराव, सस्ते गल्ले की दुकान आवंटन, भूमि समतलीकरण आंगनबाड़ी केन्द्र में नियुक्ति, आर्थिक सहायता, नाला निर्माण, सड़क मार्ग मरम्मत, पुश्ता निर्माण आदि से सम्बन्धित शिकायतें उठाई गई।



जनसुनवाई के दौरान अरविन्द शाह जमनपुर सेलाकुई द्वारा नाली निर्माण के साथ ही सीसी मार्ग निर्माण की मांग की गई, जिस पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। आरकेडिया धारावली गीतानगर एन्कलेव के लोगों द्वारा बरसाती नाले से क्षेत्र में जलभराव से आ रही कठिनाईयों की जानकारी दी। इस पर नगर निगम को दूरभाष से तत्काल समस्या के निस्तारण के निर्देश दिये। रायपुर के विशाल कुमार ने क्षेत्र की रिक्त पड़ी सस्ते गल्ले की दुकान का आवंटन किये जाने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इस पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने जिला पूर्ति अधिकारी से सम्पर्क कर आवश्यक पत्राचार प्रस्तुत करने को कहा। जनसुनवाई के दौरान भूतपूर्व सैनिक प्रेम सिंह यादव ने पुनः सेवायोजन के लिए शस्त्र लाईसेंस एवं पटेलनगर के अरविन्द राणा ने शस्त्र लाईसेंस के विस्तार करने की मांग की, जिस पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। अपर तुनवाला के भगवान सिंह के भवन निर्माण हेतु भू–समतलीकरण की मांग पर अवगत कराया गया कि वर्षाकाल के उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। शिव सिंह गुंसाई ने अपनी पौत्री अनिशा को आंगनवाड़ी केन्द्र में सहायिका के पद पर नियुक्ति का प्रार्थना पत्र दिया जिसे आवश्यक कार्यवाही हेतु बाल विकास विभाग को अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान बीना गुप्ता ने विद्यालय प्रबन्धन से वेतन भुगतान की मांग की। इस पर मुख्य शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को पत्राचार किया गया।

अन्त में मानक विहार देहराखास के सिद्धार्थ सक्सेना ने सड़क के दोनों ओर नालियों का निर्माण न कराये जाने की शिकायत की गई। इस पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही किये करने हेतु निर्देशित करते हुए शिकायतकर्ता को कार्यवाही किये जाने का भरोसा दिया।

### एनएसयूआई ने सितम्बर में परीक्षायें कराने का विरोध किया

**संवाददाता** देहरादून। एनएसयूआई डीएवी कॉलेज इकाई के कार्यकर्ताओं व छात्रों द्वारा प्राचार्य के माध्यम से हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय को एक ज्ञापन भेजा गया। इस अवसर पर ज्ञापन में अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को अगली भी पिछले प्रदर्शन के आधार पर प्रोमोट करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि एचआरडी द्वारा अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को सितंबर माह में कराने के विरोध में एनएसयूआई कल 14 जुलाई 2020 से कॉलेज परिसर में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठेगी और यदि जल्द से जल्द यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो एनएसयूआई कार्यकर्ता भूख हड़ताल पर बैठने के लिए विवश होंगे। इस अवसर पर कॉलेज प्रभारी हिमांशु रावत ने कहा कि इस प्रकार के निर्देशों का पूर्ण रूप से विरोध किया जायेगा और आज जहां विश्व के साथ देश व प्रदेश में कोरोना वायरस कोविड महामारी फैली हुई है और दिन प्रतिदिन संक्रमितों की संख्या में बढोत्तरी हो रही है और ऐसे में परीक्षायें कराना उचित नहीं है। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता व छात्र शामिल थे।

# महंगाई बढ़ाकर जनता का शोषण कर रही सरकार

**विरोध**

■अप्रत्याशित महंगाई के विरोध में कांग्रेसजनों ने बांटे पम्पलेट

देहरादून। **संवाददाता**

पेट्रोल व डीजल के दामों में की गई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेसजनों ने केन्द्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए बाजारों में पहुंकर व्यापारियों व जनता को पम्पलेट बांटकर अपना विरोध दर्ज किया।

सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता घंटाघर पर इकटठा हुए और वहां पर उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रदर्शन करते हुए पल्टन बाजार में पहुंचे और वहां पर उन्होंने पेट्रोल व डीजल के दामों में की गई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के विरोध में प्रदर्शन कर व्यापारियों व राहगीरों को केन्द्र सरकार के विरोध में पम्पलेट बांटे।



इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार पेट्रोलियम पदार्थों पर लगातार बढोत्तरी करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार पेट्रोल डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में की जा रही वृद्धि का विरोध करती रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ पूरा देश कोरोना वायरस कोविड 19 से लड़ रहा है। दूसरी तरफ राज्य सरकार लगातार महंगाई कर जनता का शोषण करने का काम कर रही है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, पूर्व विधायक राजकुमार, विजयपाल सजवाण, प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, गोदावरी थापली, टीटू त्यागी, आनंद त्यागी, अजय सिंह, कमलेश रमन सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीएवी पीजी कॉलेज में किया आम के पौथारोपणा

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के तत्वावधान में हरेला पर्व का शुभारंभ किया गया जिसमें डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून के प्राचार्य डॉ अजय सक्सेना एवं मुख्य नियंता मेजर अतुल सिंह द्वारा डीएवी पीजी कॉलेज के प्रांगण में आम का वृक्ष लगाा। इस अवसर पर डीएवी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डा. अजय सक्सेना ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण के लिए अति महत्वपूर्ण है और पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी को एकजुटता का परिचय देते हुए आगे आने की आवश्यकता है। विकास नेगी ने कहा कि हरेला एक हिंदू त्यौहार है जो मूल रूप से उत्तराखण्ड राज्य के कुमाऊँ क्षेत्र में मनाया जाता है। हरेला पर्व वैसे तो वर्ष में तीन बार आता है। उन्होंने कहा कि चैत्र मास में प्रथम दिन बोया जाता है तथा नवमी को काटा जाता है। नौ दिनों तक इस पात्र में रोज सुबह को पानी छिड़कते रहते हैं। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।